## CTET में होने जा रहा है ऐतिहासिक परिवर्तन, अब एक नहीं, चार-चार CTET परीक्षा हर साल कराएगा CBSE

# अब चार स्तरों पर आयोजित होगी CTET

**नई दिल्ली!** नई शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के अंतर्गत शिक्षकों की भर्ती प्रणाली में बड़ा और ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। इसके अंतर्गत **NCTE अधिनियम 2025** जल्द ही लागू किया जाएगा, जिसके बाद CTET परीक्षा का पूरा ढांचा और स्वरूप बदल जाएगा। अब तक सिर्फ दो स्तरों पर CTET आयोजित होती थी, लेकिन नए प्रारूप के अनुसार यह चार स्तरों पर आयोजित की जाएगी — Pre-Primary (बालवाटिका), Primary (कक्षा 1 से 5), Junior (कक्षा 6 से 8), और TGT/PGT (कक्षा 9 से 12)।

AIPM India

**अब CTET चार स्तरों पर आयोजित होगी**

1. Pre-Primary (बालवाटिका)
2. Primary (कक्षा 1 से 5)
3. Junior (कक्षा 6 से 8)
4. TGT/PGT (कक्षा 9 से 12)



**यह समय है तैयारी को नई दिशा देने का**

शिक्षक बनने का सपना अब पहले से कहीं अधिक संगठित, स्पष्ट और उत्साहजनक हो जायेगा।

यह बदलाव B.Ed. डिग्री धारकों के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। NCTE अधिनियम 2025 के लागू होते ही, 1 वर्षीय और 2 वर्षीय B.Ed पाठ्यक्रम दोनों ही सभी चारों स्तरों की शिक्षक भर्तियों के लिए मान्य होंगे — यहां तक कि प्राइमरी स्तर पर भी B.Ed. मान्य हो जाएगा, जो पहले केवल D.El.Ed. डिप्लोमा धारकों के लिए आरक्षित था।

इसके साथ ही, नया पाठ्यक्रम, नया परीक्षा प्रारूप और नई मूल्यांकन प्रणाली पर तेजी से काम जारी है। CBSE और NCTE मिलकर एक ऐसी समग्र और सशक्त शिक्षक चयन प्रणाली तैयार कर रहे हैं, जो आने वाले समय में शिक्षा की गुणवत्ता और भविष्य की दिशा तय करेगी।

इन्हीं बड़े बदलावों के चलते CTET जुलाई 2025 परीक्षा का फॉर्म जारी नहीं किया गया है। अब परीक्षा नई प्रणाली और बदले हुए प्रारूप के अंतर्गत ही आयोजित की जाएगी।